जरूरतमंदों के बीच बंटा अनाज

गोपीकांदर. कोरेना महामारी को लेकर गोपीकांदर व ओड़मो पंचायत की मुखिया शांति देवी व पुष्पा देवी ने जोलो और ओड़मो गांव में जरूरतमंदों के बीच मंगलवार को राशन का वितरण किया . इस दौरान ग्रामीणों की हो रही समस्या से भी मुखिया वाकिफ हुई . यथासंभव दूर करने का भरोसा दिया . मुखिया ने ग्रामीणों को कोरोना महामारी से बचाव के लिये आसपास साफ-सुथरा रखने, साबुन से हाथ धोने, सामाजिक दूरी बनाये रखने, चेहरे पर मास्क लगाने की जानकारी दी . साथ ही साथ सभी लोगों को अपने घर में रहने का किया अपील . अभियान में महिला संघ ने भी इनका साथ दिया .